भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
22.07.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 606 का उत्तर

तिरुचिरापल्ली-मइलादुथुरई मेमू का तिरुवेरुम्बुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव

606. श्री दुरई वाइको:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को तिरुचिरापल्ली-मइलादुथुरई मेमू ट्रेन को तिरुवेरुम्बुर रेलवे स्टेशन पर ठहराव प्रदान करने के संबंध में कोई प्रस्ताव/अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस पर की गई कार्रवाई के साथ उसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने ठहराव प्रदान करने के लिए यात्री मांग, परिचालन आवश्यकताओं और राजस्व क्षमता के आधार पर कोई व्यवहार्यता अध्ययन किया है या करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो ठहराव प्रदान करने की प्रस्तावित समय-सीमा के साथ उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर संसद सदस्यों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्ताओं आदि द्वारा अन्य बातों के साथ-साथ रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव के लिए औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों का प्राप्त होना सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए, ऐसे अनुरोधों का केन्द्रीकृत सार-संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और समय-समय पर यथोचित और यथाव्यवहार्य कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत् प्रक्रिया है।

तदनुसार, तिरुवेरुंबूर स्टेशन के यात्रियों की सुविधा के लिए, 22675/22676 चेन्नै एषुंबूर - तिरूच्चिराप्पल्लि चोझन एक्सप्रेस को 26.01.2026 से तिरुवेरुंबूर स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। वर्तमान में, तिरुवेरुंबूर स्टेशन को निम्नलिखित 25 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है:

क्र.सं.	रेलगाड़ी सं. और नाम
1	16231 कडलूर पोर्ट - मैसूरू एक्सप्रेस
2	16232 मैसूरू - कडलूर पोर्ट एक्सप्रेस
3	16807 तांबरम - तिरूच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
4	16808 तिरूच्चिराप्पल्लि - तांबरम एक्सप्रेस
5	16811 मयिलाडुतुरै - सेलम एक्सप्रेस
6	16812 सेलम - मयिलाडुतुरै एक्सप्रेस
7	16847 मयिलाडुतुरै - शेंगोट्टै एक्सप्रेस
8	16848 शेंगोट्टै - मयिलाडुतुरै एक्सप्रेस
9	22675 चेन्नै एषुंबूर - तिरूच्चिराप्पल्लि एक्सप्रेस
10	22676 तिरूच्चिराप्पल्लि - चेन्नै एषुंबूर एक्सप्रेस
11	56700 तिरूच्चिराप्पल्लि - मयिलाडुतुरै पैसेंजर
12	56745 तंजावुर - तिरूच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
13	56805 तिरुवारूर - तिरूच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
14	56806 तिरूच्चिराप्पल्लि - तिरुवारूर पैसेंजर
15	56818 तिरूच्चिराप्पल्लि - कारैक्काल पैसेंजर
16	56819 तंजावुर - तिरूच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
17	56821 मयिलाडुतुरै - तिरूच्चिराप्पल्लि पैसेंजर

18	56823 तंजावुर - तिरूच्चिराप्पल्लि पैसेंजर
19	56824 तिरूच्चिराप्पल्लि - तंजावुर पैसेंजर
20	76801 मन्नारगुडी - तिरूच्चिराप्पल्लि डीएमयू
21	76802 तिरूच्चिराप्पल्लि - मन्नारगुडी डीएमयू
22	76819 कारैक्काल - तिरूच्चिराप्पल्लि डीएमयू
23	76820 तिरूच्चिराप्पल्लि - कारैक्काल डीएमयू
24	76825 कारैक्काल - तिरूच्चिराप्पल्लि डीएमयू
25	76826 तिरूच्चिराप्पल्लि - कारैक्काल डीएमयू

इसके अलावा, भारतीय रेल पर, रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, प्रतिस्पर्धी मांगों आदि पर निर्भर करता है।

****